मीनाक्षी के नामांकन में कांग्रेस एकजुट

- मीनाक्षी ने चुनाव के लिए पेश किया नामांकन पत्र
- लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराया

विशेष संवाददाता

भोपाल, 08 जून. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन के अवसर पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए पार्टी की एकजुटता का संदेश दिया.

नटराजन ने विधानसभा परिसर में राज्यसभा निर्वाचन के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. नामांकन दाखिल करने के बाद मीनाक्षी नटराजन ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ मीडिया को संबोधित किया. उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक मीनाक्षी नटराजन के साथ विधानसभा पहुंचे हैं, जो पार्टी की एकजुटता का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि यह केवल मीनाक्षी नटराजन की लड़ाई नहीं, बल्कि विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के अधिकारों की लड़ाई है. उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस प्रत्याशी विजयी होगी. सिंघार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि तीसरे राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन उसके वास्तविक चरित्र को उजागर करता है. यह संविधान की लड़ाई है और अंततः संविधान की जीत होगी.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नटराजन को गांधीवादी मूल्यों से प्रेरित नेता बताते हुए कहा कि उनकी उम्मीदवारी महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ राजनीति और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा का प्रतीक है.

> नामांकन के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया', पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल, केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य ओमकार मरकाम, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुकेश नायक, वरिष्ठ नेता जे.पी. धनोपिया, मीडिया समन्वयक रवि सक्सेना, प्रवक्ता विक्रम चौधरी और राहुल राज, विधायक जयवर्धन सिंह तथा फूल सिंह बरैया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस विधायक, पदाधिकारी और विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

परीक्षा रद्द : अभाविप ने किया प्रदर्शन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 08 जून. मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वनरक्षक, जेल प्रहरी, सहायक जेल अधीक्षक और क्षेत्र प्रहरी भर्ती परीक्षा को स्थगित करने के मामले में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जमकर प्रदर्शन किया.

विरोध में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कर्मचारी चयन मंडल की बिल्डिंग के बाहर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार और मंडल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की. अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से हजारों परीक्षार्थियों को भारी मानसिक पीड़ा, समय की बर्बादी और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है. छात्र वर्षों तक इसके लिए कठिन परिश्रम करते हैं. ऐसे संवेदनशील मामलों में सर्वर फेलियर जैसी तकनीकी विफलता के कारण परीक्षा का रद्द होना एक गंभीर अपराध है.

अभाविप मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने प्रदर्शन के दौरान चेतावनी दी, कि अंतिम क्षणों में परीक्षा का रद्द होना दुर्भाग्यपूर्ण है. बता दें अभाविप ने प्रदर्शन के दौरान मांग की है कि सर्वर की इस गंभीर खामी की जांच के लिए तत्काल एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए. जिससे इस विफलता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और तकनीकी साझेदारों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई हो सके.

पत्नी की हत्या कर शव जलाने वाला गिरफ्तार

सीधी. थाना बहरी अंतर्गत ग्राम दुअरा कला में सडक़ के किनारे एक अज्ञात महिला के अधजले शव के मामले का आज पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में खुलासा करते हुए कहा कि पत्नी की हत्या कर शव जलाने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 6 जून 2026 को थाना बहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुअरा कला में सडक़ किनारे एक अज्ञात महिला का अधजला शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई. सूचना पर थाना बहरी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई.

राहत : विधि छात्र एग्जाम में होंगे शामिल

अनावेदकों को नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट से विधि छात्रों को राहत मिली है. जस्टिस जीएस आहलूवालिया व जस्टिस दीपक खोत की अवकाशकालीन पीछ ने 10 जून को होने वाली परीक्षा में उन्हें शामिल करने के निर्देश दिये है.

इसके साथ ही अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब जवाब तलब किया है. युगलपीठ ने मामले की सुनवाई संबंधित अन्य याचिका के साथ संयुक्त रूप से करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 12 जून को निर्धारित की है. यह मामले में सागर बीना निवासी अमित दांगी, गौरव राजपूत, कपिल व अन्य की ओर से दायर किये गये थे. जिनकी ओर से अधिवक्ता स्मिता वर्मा अरोरा ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि आवेदकों को छठवें सेमेस्टर में शामिल नहीं किया जा रहा है, जिसका कारण यह बताया गया कि 50 फीसदी से कम अंक है. जबकि अब केवल द्वितीय श्रेणी के उम्मीदवारों को ही उसकी पात्रता है.

आवेदकों की ओर से कहा गया कि 45 फीसदी के ऊपर वाले द्वितीय श्रेणी के माने जाते थे, उसके नीचे तृतीय श्रेणी निर्धारित थी. आवेदक पचास फीसदी अंकों की पात्रता रखते है और पूर्व के एग्जाम देते आये है.

> **बदलाव करने जनहित याचिका ली वापस**
>
> कम्युनिटी हॉल के स्थान परिवर्तन किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिकाकर्ता की तरफ से सुनवाई के दौरान याचिका में संशोधन करने के लिए उसे वापस लेने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट जस्टिस जी एस अहलूवालिया था जस्टिस दीपक खोट की युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

मध्यप्रदेश में पड़ने लगी राहत की फुहारें

43 डिग्री पार खजुराहो में पारा

पचमढ़ी में सबसे सर्द रात

भोपाल, 08 जून. प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है. सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ वर्षा हुई. जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला शुरू हो गया है.

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रीवा और जबलपुर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ी हैं. इस दौरान चंबल संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी कम रहा. वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान खजुराहो में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 19.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है. आगामी दिनों में भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतुल, हरदा, जबलपुर और ग्वालियर सहित अनेक जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है.

> **राजधानी में बौछारों से मिली राहत**
>
> भोपाल जिले में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा दर्ज की गई. जिसमें राजधानी में शाम साढ़े 6 बजे के बाद हुई बारिश में शहर के रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई. वहीं सोमवार का अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं बैरागढ़, एयरपोर्ट क्षेत्र में झोंकेदार हवाओं की गति 43 किलोमीटर प्रति घंटे तक दर्ज की गई.

खिलाड़ियों को साधने में जुटी कांग्रेस

2028 चुनाव के लिए खेल प्रकोष्ठ ने बनाई रणनीति

विशेष संवाददाता

भोपाल, 08 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ ने कांग्रेस मुख्यालय में महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित कर खेल विकास, खिलाड़ियों के कल्याण तथा वर्ष 2028 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर व्यापक रणनीति पर मंथन किया.

कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के संयोजक मतीन खान ने की. बैठक में प्रदेशभर में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने, उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने तथा खिलाड़ियों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की गई. साथ ही युवा खिलाड़ियों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने और संगठन की जमीनी पहुंच बढ़ाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ.

> वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों के हितों की उपेक्षा की है तथा उभरती खेल प्रतिभाओं को पर्याप्त अवसर और संसाधन उपलब्ध नहीं कराए हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, सम्मान और अवसर दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. साथ ही युवाओं और खिलाड़ियों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा.

अब 20 को होगी वनरक्षक और जेल प्रहरी भर्ती की परीक्षा

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 08 जून. मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा वनरक्षक क्षेत्ररक्षक जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 अब नई तिथि 20 जून को होगी। बता दें मण्डल द्वारा दिनांक 7 जून संचालित होने जा रही थी, जिसे तकनीकी समस्या के कारण स्थगित कर दिया गया था.

द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शाम 4 बजकर 30 मिनट तक आयोजित होने वाली परीक्षा स्थगित होने के कारण विद्यार्थियों में रोष भी है. वहीं मंडल अभ्यर्थियों को परेशानी से बचाने और उनके हित को दृष्टिगत रखते हुए 20 जून को समय फिर से निर्धारित किया है.

अब प्रथम पाली में दोबारा होगी परीक्षा

बता दें स्थगित की गई इस परीक्षा का पुनः आयोजन प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट से अपने नए प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। नये प्रवेश पत्र के साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी.

एनएसयूआई ने किया जोरदार प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

भोपाल, 08 जून. मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 7 जून को आयोजित वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 में कथित अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया.

संगठन ने परीक्षा संचालन में हुई कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तथा प्रभावित अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करने की मांग उठाई. प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय पहुंचकर संयुक्त परीक्षा नियंत्रक दिनेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा.

> रवि परमार ने आरोप लगाया कि हजारों अभ्यर्थी दूर-दराज क्षेत्रों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे और यात्रा व अन्य व्यवस्थाओं पर भारी खर्च किया, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा तथा बाद में परीक्षा निरस्त कर दी गई. उन्होंने कहा कि इससे अभ्यर्थियों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा. अक्षय तोमर ने कहा कि पूरी घटना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है और इससे भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है. एनएसयूआई ने परीक्षा शुल्क वापस करने, उच्चस्तरीय जांच कराने, प्रभावित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता सप्ताह

रेलवे फाटकों पर सुरक्षा सप्ताह के तहत किया जागरुक

भोपाल, 08 जून. संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता सप्ताह किया जा रहा है. बता दें यह विशेष जन जागरूकता अभियान 6 जून से प्रारंभ हो चुका है. जो कि 12 जून 2026 तक संचालित होगा.

अभियान के तीसरे दिन मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया. वहीं अभियान के अंतर्गत संरक्षा विभाग द्वारा 8 जून को मिसरोद स्टेशन के समपार फाटक संख्या 246 पर 50 सुरक्षा पंपलेट वितरित किए गए. साथ ही 50 सड़क उपयोगकर्ताओं की काउंसिलिंग की गई. इसी प्रकार हरदा स्टेशन के समपार फाटक संख्या 204 पर 60 पंपलेट वितरित कर 60 लोगों को समपार सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई.

> वहीं खिरकिया स्टेशन के समपार फाटक संख्या 196 पर 30 पंपलेट वितरित किए गए और 30 व्यक्तियों की काउंसिलिंग की गई. तो रुठियाई स्टेशन के समपार फाटक संख्या 71 पर 50 पंपलेट वितरित किए गए. तो 60 सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार फाटक सुरक्षा नियमों के संबंध में जागरूक किया गया. कार्यक्रम के तहत रेल प्रशासन ने सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि समपार फाटकों पर निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करें, बंद फाटक को पार करने का प्रयास न करें.

विशेष अभियान में चोरी गई संपत्ति बरामद

3 करोड़ से अधिक मूल्य की चोरी गई एवं ठगी गई संपत्ति बरामद

विशेष संवाददाता

भोपाल, 08 जून. मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में चलाए गए चार दिवसीय विशेष अभियान के दौरान चोरी, नकबजनी और ठगी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चोरी गई एवं ठगी गई संपत्ति बरामद की है.

तकनीकी विश्लेषण, साइबर इनपुट और सघन विवेचना के आधार पर विभिन्न जिलों में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. ग्वालियर के कोतवाली थाना पुलिस ने हॉलमार्क कराने के नाम पर ग्राहकों का सोना लेकर फरार हुए एक ज्वेलर्स संचालक और उसके साथी को मेरठ से गिरफ्तार कर करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के 931 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए. वहीं डबरा सिटी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर फर्जी लूटकांड का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 49.50 लाख रुपये मूल्य के जेवरात, नकदी और मोटरसाइकिल बरामद की. महाराजपुरा पुलिस ने वर्ष 2023 की चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर आठ लाख रुपये मूल्य की लाइसेंसी रिवॉल्वर, जेवरात और अन्य सामान जब्त किया.

15 लाख के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

मुरैना पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर 55 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति, हथियार, कारतूस, नकदी और वाहन बरामद किए. जबलपुर के गोहलपुर थाना पुलिस ने नकबजनी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए. देवास, भोपाल और इंदौर में भी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और आधुनिक तकनीकों की मदद से अपराधियों को चिन्हित कर चोरी का माल बरामद किया.

डंपर ने स्कूटी को कुचला, एक की मौत

जबलपुर. माढ़ोताल थाना अंतर्गत खजरी खिरिया बाईपास पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने स्कूटी सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. स्कूटी डंपर के नीचे फंस गई और सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई. स्कूटी और डंपर दोनों में भीषण आग लग गई. दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. माढ़ोताल के शंकर नगर का रहने वाला अजीत चौधरी रात करीब दो बजे अपनी स्कूटी से जा रहा था.

नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूलवस मेरे ड्राइविंग लाइसेंस MP19R-2022-0000743 में मेरा नाम Mohan Yadav मोहन यादव लिखा है। जो गलत है,जबकि मेरा वास्तविक, सही नाम Mohan lal Yadav मोहन लाल यादव है पिता जी का नाम राम विश्वास यादव Ram Vishwasa Yadav है। उक्त नाम मेरे आधार कार्ड में न.260570895565 व अन्य सरकारी रिकॉर्ड में लिखा है. आज प्रकाशित दिनांक 09 जून से 2026 से सभी जगह, शासकीय रिकॉर्ड में मोहन लाल यादव Mohan lal Yadav एवं मेरे पिता जी नाम राम विश्वास यादव Ram Vishwasa Yadav लिखा पढ़ा वा जाना जावे. जो सही और सत्य है जो सर्वमान्य है.

पता - मोहन लाल यादव ग्राम बढैया वार्ड क्रमांक 7 पोस्ट पडखुरी, तहसील रामपुर बघेलान जिला सतना (म.प्र.) 485111

शिक्षा नीति | देश भर में केवल 64.7 और मप्र में 59.2% स्कूलों में उपलब्ध है कंप्यूटर

डिजिटल शिक्षा की दौड़ में संघर्ष करता एमपी

10 सालों में 41.9 % की वृद्धि हुई इंटरनेट उपलब्धता में

99.5 % का लक्ष्य चंडीगढ़ ने किया हासिल



साक्षी केसरवानी

भोपाल, 08 जून. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूलों को कंप्यूटर और इंटरनेट को क्लासरूम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है.

नीति आयोग की हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2014-15 में देश भर में केवल 26.42 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर थे. जो आंकड़ा साल 2024-25 में बढ़कर 64.7 प्रतिशत हो गया है. जिसमें सबसे तेज बढ़त साल 2020-21 के बाद देखी गई. वहीं कई राज्यों जैसे मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल अब भी बुनियादी डिजिटल ढांचे के लिए संघर्ष कर रहे हैं.

देश भर में कंप्यूटर उपलब्धता में लक्षद्वीप ने 100 प्रतिशत, दिल्ली ने 99.9 प्रतिशत, पुडुचेरी ने 99.5 प्रतिशत, चंडीगढ़ ने 99.5 प्रतिशत और केरल ने 99.5 प्रतिशत के साथ करीब सभी स्कूलों तक कंप्यूटर पहुंचा दिए हैं. इसके उलट मेघालय में सबसे कम 19.7 प्रतिशत पश्चिम बंगाल में 25.1 प्रतिशत और बिहार में 25.2 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर हैं.

हालांकि इस सूची में मध्य प्रदेश ने औसत दर्जे पर काम कर 10 सालों में 14.6 प्रतिशत से बढ़कर 59.2 प्रतिशत तक ही पहुंच सका है.

जिसके अनुसार अब भी करीब 40 प्रतिशत स्कूल प्रदेश में कंप्यूटर के अभाव में डिजिटल शिक्षा से वंचित हो रहे हैं.

> **मध्यप्रदेश का प्रदर्शन निराशाजनक**
>
> पिछले 10 सालों में देश भर के 8.05 प्रतिशत स्कूलों से इंटरनेट उपलब्धता बढ़कर 63.5 प्रतिशत स्कूलों में पहुंच चुकी है. जिसमें दिल्ली, चंडीगढ़, लक्षद्वीप और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों ने शत प्रतिशत के करीब सफलता पाई है. वहीं मध्य प्रदेश के केवल 45.7 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो पाई है. जो कि साल 2014-15 में 3.8 प्रतिशत स्कूलों में थीं. जिसमें 10 सालों में कुल 41.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. लेकिन आज भी करीब 50 प्रतिशत से अधिक स्कूल इंटरनेट की उपलब्धता से वंचित हैं.

पुलिस का अवैध गतिविधियों पर शिकंजा

नवभारत न्यूज

दमोह, 08 जून. जिले में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन लगातार चलाया जा रहा है.

इस अभियान के तहत अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ तथा अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है. जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है.पुलिस द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की धरपकड़ कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. एसपी आनंद कलादगि ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है.

पथरिया थाने में एसपी करेंगे जनसुनवाई

अनुभाग पथरिया के लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को पथरिया थाने में जनसुनवाई आयोजित की जाएगी .पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि की अध्यक्षता में होने वाली इस जनसुनवाई में क्षेत्र के लोग अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे एसपी के सामने रख सकेंगे .पुलिस ने थाना पथरिया क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे मंगलवार को थाने पहुंचकर अपनी समस्याएं बताएं . जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जायेंगे .एसपी आनंद कलादगि जनसुनवाई में कानून व्यवस्था, अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात और पुलिस से जुड़ी अन्य समस्याओं को सुनेंगे .

नाम परिवर्तन सूचना

मै द्योषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम GOPAL NIRANKARI लिखा था जिसे मै बदल (सुधार) कर अब अपना नया नाम GOPAL NIRANKARI SACHDEV S/O VINOD NIRANKARI कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम GOPAL NIRANKARI SACHDEV S/O VINOD NIRANKARI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता- T.M.D. HAL KE SAMNE SINDHI CAMP PO. SATNA, RAGHURAJNAGAR, SATNA, (M.P.) है।